# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## Final Examination (19 March 2026)
## Subject - Hindi
## Class - VII (SET - A)

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

(भाग-क) पठन

प्र1. निम्नलिखित गदयांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनिए:(5)

मनुष्य स्वभाव से ही सामाजिक प्राणी है। वह अकेले रहकर जीवन की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता। समाज में रहकर ही वह सहयोग, सहानुभूति और परस्पर समझ का महत्व सीखता है। परिवार, विद्यालय और समाज मनुष्य के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज के आधुनिक युग में भौतिक सुख-सुविधाओं की अधिकता के कारण मानवीय संबंधों में दूरी बढ़ती जा रही है। लोग स्वार्थवश एक-दूसरे से जुड़ते हैं और आवश्यकता समाप्त होते ही संबंध भी टूट जाते हैं। इससे समाज में तनाव, असंतोष और अकेलापन बढ़ रहा है।

यदि समाज को सशक्त बनाना है तो हमें मानवीय मूल्यों जैसे—प्रेम, सहयोग, त्याग और सहिष्णुता को अपनाना होगा। युवाओं की इसमें विशेष भूमिका है क्योंकि वही समाज का भविष्य हैं। जब युवा वर्ग सही दिशा में आगे बढ़ेगा, तभी एक स्वस्थ और संतुलित समाज का निर्माण संभव होगा।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. मनुष्य के चरित्र निर्माण में कौन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं?

क) धन और संपत्ति ख) तकनीक और विज्ञान ग) परिवार, विद्यालय और समाज घ) खेल और मनोरंजन

2. आधुनिक युग में मानवीय संबंधों में दूरी बढ़ने का मुख्य कारण क्या है?

क) शिक्षा की कमी ख) भौतिक सुख-सुविधाओं की अधिकता ग) जनसंख्या वृद्धि घ) समय की कमी

3. स्वार्थपूर्ण संबंधों का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

क) समाज मजबूत होता है ख) तनाव और अकेलापन बढ़ता है ग) प्रेम बढ़ता है घ) सहयोग बढ़ता है

4. समाज को सशक्त बनाने के लिए किन मूल्यों को अपनाना चाहिए?

क) धन और शक्ति ख) प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या ग) प्रेम, सहयोग, त्याग और सहिष्णुता घ) विलासिता और भोग

5. गद्यांश के अनुसार समाज के भविष्य की जिम्मेदारी किस पर है?

क) बुज़ुर्गों पर ख) मशीनों पर ग) युवाओं पर घ) इनमें से कोई नही

(भाग-ख) पाठ्य पुस्तक

**प्र2क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई छह करें)** (3)

मुद्रा, सुमार्ग, हरि, भविष्य, त्याग, दुबका, संसाधन

**प्र3 निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (कोई 3 करें)** (3)

नज़रअंदाज़, दानव, पौष्टिक, दुर्व्यवहार



Scanned with OKEN Scanner

प्र4क) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए:** **(1×4=4)**

क) मानव की प्रगति पाठ में प्रदूषण दानव का मुख्य उद्देश्य क्या है?

ख) श्री कृष्ण ने द्रोपदी की लाज किस तरह बचाई?

ग) वीडियो के अनुसार एक माँ ने अपने बेटे की सुख-सुविधाओं के लिए क्या-क्या किया? (कोई एक लिखें)

घ) नन्हें फूल ने किस सत्य का उजागर किया?

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में दीजिए- (कोई तीन करें)** **(2×3=6)**

क) मनुष्य को प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग जरुरत के लिए करना चाहिए, लालच के लिए नहीं। स्पष्ट कीजिए।

ख) नेहा ने वीडियों के द्वारा क्या एहसास कराने की कोशिश की?

ग) कवि ने फूलों की किस गंध और रंगों की बरसात का उल्लेख किया है?

घ) 'भक्ति के पद' में गुरु जी ने अनेक उदाहरणों द्वारा बताया है कि परमात्मा हमारे हृदय में बसे है। किसी एक उदाहरण द्वारा व्याख्या कीजिए।

## (भाग-ग) व्यावहारिक व्याकरण

**प्र5क) निम्नलिखित प्रत्यय से दो नए शब्द बनाएँ:** **(1+1+1=3)**

आवट

ख) 'बोली' शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करके लिखें।

ग) 'कमाऊ' शब्द में 'ऊ' प्रत्यय है। (सही/गलत)

**प्र6क) संधि कीजिए-** **(2+1=3)**

1) वि+आकरण  2) पितृ+अनुमति  3) भौ+उक  4) सखी+उचित

**ख) संधि विच्छेद करें-** 1) व्यस्त

**प्र7क) समस्तपदों का समास विग्रह करें-** **(1+2=3)**

1) आजीवन  2) परलोकगमन

**ख) समस्तपद बनाएँ और समास का नाम लिखें-**

1) नौ रसों का समाहार  2) लाभ और हानि

**प्र8. विलोम शब्द लिखें-** **(3)**

शाश्वत, रक्षक, हर्ष, आस्तिक, सभ्य, हित

**प्र9क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखें-** **(2)**

अक्षर, मधु

**ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का सही अर्थ छाँटे-** **(1)**

1) किसान के लिए हल बहुत जरूरी है। (बैलों द्वारा खेत जोतने वाला यंत्र, समाधान)

2) हमें गुरू का सम्मान करना चाहिए। (अध्यापक, भारी)

**प्र10. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें -** **(3)**

उपवन, पर्वत, सूर्य

A-2

Scanned with OKEN Scanner

×4=4)

**प्र11क) निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न लगाकर वाक्य को दोबारा लिखिए: (2)**

1) जी मै आपको फोन कर लूँगा

2) आमिर की प्रसिद्ध फिल्म लगान थी

**ख) निम्नलिखित विराम चिह्न का नाम लिखें- (1)**

1) : 2) ?

**प्र12. अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद का नाम बताएँ- (3)**

क) आप सभी जल्दी घर जा सकते हैं।

ख) मानवता सबसे बड़ा धर्म है।

ग) यदि आज हमारे पास छाता होता, तो हम बारिश में नहीं भीगते।

**प्र13. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के भेद का नाम लिखें- (2)**

क) शायद इस दुकान पर सामान सस्ता न मिले।

ख) हाथी नदी में नहा रहे थे।

**प्र14. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के भेद का नाम लिखें- (2)**

क) ऊँची लहरें उठ रहीं है।

ख) राम ने मॉल में अपने मित्रों को देखा।

**प्र15क) निम्नलिखित लोकोक्तियों का उनके सही अर्थ के साथ मिलान कीजिए- (2)**

| | |
|---|---|
| 1) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे | क) सेहत सबसे बड़ा तोहफा है |
| 2) एक तंदरूस्ती हज़ार नियामत | ख) बहुत अधिक कंजूस होना |
| 3) लेना एक न देना दो | ग) कसूर करने वाले का बेकसूर को डाँटना |
| 4) चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए | घ) कोई संबंध न होना |

**ख) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरस्वरूप सही विकल्प छाँटकर लिखिए- (1)**

1) 'जरूरत के अनुसार चीज़ न होना' के अर्थ में कौन-सी लोकोक्ति का प्रयोग किया गया है?

क) लातों के भूत बातों से नहीं मानते ख) आम के आम गुठलियों के दाम

ग) ऊँट के मुँह में ज़ीरा घ) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।

2) 'बिना जान-पहचान के किसी से रिश्ता निकाल लेना' के अर्थ में किस लोकोक्ति का प्रयोग किया गया है?

क) दूध का जला छाँछ भी फूँक-फूँककर पीता है।

ख) डूबते को तिनके का सहारा

ग) जान न पहचान खाला जी सलाम

घ) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता

**प्र16क) निर्देशानुसार क्रिया विशेषण शब्द भरिए- (1)**

क) हर्ष ............ जिम जाता है। (कालवाचक क्रिया विशेषण)

ख) निखिल ने दावत में ................ खाया। (परिमाणवाचक क्रिया विशेषण)

Scanned with OKEN Scanner

ख) निम्नलिखित रेखांकित क्रिया विशेषण का भेद बताएँ- (1)

क) यह चिट्ठी दूर से आई है।

ख) नव्या धीरे-धीरे खाती है।

ग) निम्नलिखित वाक्यों में उचित सम्मुच्चयबोधक शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरें-(1)

1) महेंद्र ............ सुनील में गहरी मित्रता है।

2) वे यह कार्य कर सकते थे, ......... उन्होंने ऐसा नहीं किया।

घ) निम्नलिखित वाक्यों में से संबंधबोधक शब्द छाँटे: (1)

1) उसके खर्राटे घर के बाहर तक सुनाई दे रहें है।

2) वर्षा की वजह से सबके अरमानों पर पानी फिर गया।

ङ) निर्देशानुसार करें: (1)

1) हाय! ऐसा कैसे हो गया। (विस्मयादिबोधक शब्द छाँटे)

2) रोहित ........ दिल्ली जा रहा है। (उचित निपात शब्द भरें)

प्र17. पठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:(4)

एक दिन घर में स्वाति के दोस्तों का **जमघट** लगा था। काकी माँ ने मन बहलाने के उद्देश्य से सोचा कि क्यों न वे भी इसमें शामिल हो जाएँ। जब माँ बैठक कक्ष में पहुँचीं, तो स्वाति की नज़रें उन पर पड़ीं और उसने काकी माँ को बहुत ही कठोर शब्दों में कह सुनाया, "माँ, यह कोई समय नहीं है आपके यहाँ बैठने का! आपको तो अपने कमरे में ही रहना चाहिए था। तरह-तरह के व्यंजन की सुगंध गई नहीं कि...। अपनी जीभ को थोड़ी देर भी काबू में नहीं रख सकतीं।" दोस्तों के सामने इस तरह की कटु भाषा सुनकर माँ की आँखों में आँसू आ गए और वे वहाँ से चुपचाप उठकर चली गईं। ये सब कुछ हित की उपस्थिति में हुआ लेकिन उसने इस पर कोई **प्रतिक्रिया** नहीं दी। बल्कि उसने भी अपनी पत्नी का समर्थन करते ए कहा, "माँ, आपको समझना चाहिए कि हमारी इस शहर में इज्ज़त है। आप हमारे दोस्तों के सामने आकर हमें अपमानित किया करें। इस तरह की बातें सुनकर माँ और भी दुखी हो गईं। काकी माँ के मन में ख़याल आया, "क्या एक माँ किसी च्चे के लिए अपमान का कारण बन सकती है!" उस शाम को नेहा ने देखा कि उसकी दादी कितनी उदास हैं! दादी की ये ड़ा नेहा से देखी नहीं जा रही थी। उसने अपनी माँ और पिता जी के दुर्व्यवहार को चुनौती दी। उसने कहा, "माँ, दादी इस की बड़ी हैं। अगर वे आपके दोस्तों के साथ बैठ गईं, तो क्या हो गया!

1) माँ का प्रेम कैसा होता है?

क) स्वार्थपूर्ण ख) सीमित ग) नि:स्वार्थ घ) दिखावटी

2) माँ वहाँ से चुपचाप उठकर क्यों चली गई?

क) स्वाति के कठोर शब्दों के कारण

ख) बैठने का मन न होने के करण

ग) अपने कमरे में बैठने के लिए

घ) तबियत ठीक न होने के कारण

Scanned with OKEN Scanner

3) परिवार के साथ मिलकर बैठने में माँ को कैसा लगता था?

क) अच्छा खाने को मिलता था ख) अच्छा पहनने को मिलता था

ग) मन बहलता था घ) इनमें से कोई नहीं

4) माँ का अपमान होते हुए देखकर भी रोहित ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी क्यों कि ...

क) पत्नी का समर्थन करता था ख) वह संवेदनशील था

ग) वह माँ से बहुत प्यार करता था ग) तीनों सही

**(खण्ड-घ) लेखन**

**प्र18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें:** (5)

**कंम्प्यूटर-इंटरनेट और आज का युग**

**संकेत बिंदुः** कंप्यूटर के लाभ, इंटरनेट का सही प्रयोग, सावधानी से प्रयोग

**अथवा**

**वृक्ष लगाएँ, धरा बचाएँ**

**संकेत बिंदुः** पर्यायवरण की रक्षा के लिए पेड़ों का महत्तव, पेड़ों की धरती और जीवन के लिए उपयोगिता, पेड़ों के अंधाधुंध कटाव का पर्यावरण पर दुष्प्रभाव, वृक्षारोपण करने का संकल्प

**प्र19. निम्नलिखित औपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए।** (5)

स्कूल बस में होने वाली परेशानियों का उल्लेख करते हुए अ.ब.स. स्कूल के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

**अथवा**

आपके मुहल्ले में सार्वजनिक कूड़ेदान नहीं लगा है। आप सबको अपना कूड़ा फेंकने के लिए दूसरे मुहल्ले में जाना पड़ता है। इस बारे में आप प्राधिकरण सचिव अ.ब.स नगर को पत्र लिखकर एक सार्वजनिक कूड़ेदान लगवाने का अनुरोध कीजिए।

**प्र20.** 'ताज़ा फलों और सब्जियों की दुकान' के लिए एक सुंदर सा विज्ञापन बनाइए। (4)

**प्र21. किसी एक विषय पर लधु-कथा लिखें।** (5)

विक्रम आठवीं कक्षा में इसी साल आया नया विद्‌यार्थी था। उसके पिता जी सेना में कर्नल थे। पिता के बहादुरी भरे कारनामे सुनकर विक्रम को बहुत अच्छा लगता था। 26 जनवरी पर उसने 'ऐ वतन तेरे लिए' प्रतियोगिता में भाग लिया। उसने आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ से जुड़ी एक घटना की चर्चा की। जिसमें ........................

**अथवा**

एक यादगार तोहफा

A

Scanned with OKEN Scanner